Roll No. ......................

# MASL–101

## वेद एवं निरुक्त

एम. ए. संस्कृत (एमएएसएल–12 / 16)

First Year, Examination, 2017

समय : **3** घंटा  पूर्णांक : **70**

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए—

(क) यो हत्वाहिमरिणात् सप्त सिन्धून्
यो गा उदाजदपधा बलस्य।
यो अश्मनोरन्तरग्निं जजान
संवृक् समत्सु स जनास इन्द्रः॥

(ख) यः शम्बरं पर्वतेषु क्षियन्तं

चत्वारिंश्यां शरद्यन्वविन्दत्।

ओजायमानं यो अहिं जघान

दानुं शयानं सः जनास इन्द्रः॥

(ग) सहृदयं सामनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः।

अन्यो अन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या॥

2. नासदीयसूक्त (10/29) का प्रतिपाद्य लिखिए।
3. ईशावास्योपनिषद् के अनुसार ब्रह्म की व्यापकता का वर्णन कीजिए।
4. निरुक्त का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. व्याकरण नामक वेदाङ्ग का परिचय दीजिए।
2. सामनस्य सूक्त का भाव स्पष्ट कीजिए।
3. पाणिनीय शिक्षा के प्रतिपाद्य पर एक टिप्पणी लिखिए।
4. ईशावास्योपनिषद् के अनुसार सम्भूति एवं असम्भूति को स्पष्ट कीजिए।
5. उपनिषद् का क्या अर्थ है ? उनके प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए।

6. निरुक्त के अनुसार शब्दों के विभाजन पर प्रकाश डालिए।

7. वेदाङ्ग 'कल्प' की व्याख्या कीजिए।

8. प्रत्यक्षवृत्ति शब्द क्या है ? परिभाषित कीजिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही उत्तर चुनिये—

1. इन्द्रसूक्त के द्रष्टा ऋषि हैं—

   (क) मधुच्छन्दा (ख) गृत्समद

   (ग) दीर्घतमा (घ) नारायण

2. 'सुशिप्रः' विशेषण है—

   (क) अग्नि (ख) इन्द्र

   (ग) विष्णु (घ) पुरुष

3. ऋग्वेद के नासदीय सूक्त का ऋषि कौन है ?

   (क) विश्वामित्र (ख) अत्रि

   (ग) भरद्वाज (घ) प्रजापति

4. उषःसूक्त के देवता कौन हैं ?

   (क) दीर्घतमा (ख) नारायण

   (ग) उषा (घ) मधुच्छन्दा

5. वेदाङ्गों में कौन नहीं है ?

   (क) हस्त (ख) पाद

   (ग) अंगुष्ठिका (घ) नेत्र

6. 'च' का उच्चारण स्थान है ?

(क) कण्ठ (ख) तालु

(ग) जिह्वा (घ) ओष्ठ

7. विद्या एवं अविद्या का वर्णन किस उपनिषद् में है ?

(क) कठ (ख) ईश

(ग) प्रश्न (घ) मुण्डक

8. पाणिनि के अनुसार स्वरित स्वर का लक्षण क्या है ?

(क) उदात्तादनुदात्तस्य स्वरितः

(ख) समाहारः स्वरितः

(ग) अनुदात्तं च

(घ) आमन्त्रितस्य च

9. 'स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्' यह किससे सम्बद्ध है ?

(क) याज्ञवल्क्य (ख) नारदीय

(ग) पाणिनीय (घ) वाशिष्ठी

10. यास्क के निरुक्त में कितने अध्याय हैं ?

(क) 14 (ख) 10

(ग) 7 (घ) 16